10

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
लखनऊ – 226 027
संख्याः जी– 3032 /सा–1–26/जी०एस०/2020
दिनांक 11 अगस्त, 2020

कार्यालय–आदेश

इस कार्यालय के आदेश संख्या–जी–2262/जी०एस०, दिनांक 19 जून, 2020 को आंशिक रूप से संशोधित करते हुये मैं, महेश कुमार गुप्ता, अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश विभागाध्यक्ष की हैसियत से वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड–5 भाग–1 के प्रस्तर–12 डी के नीचे अंकित नोट के अधीन श्री बद्री नाथ सिंह, विशेष सचिव, श्री राज्यपाल, उ०प्र० को कार्यालयाध्यक्ष के अधिकार प्रतिनिधायित करता हूँ। इस कार्य का संचालन राज्यपाल सचिवालय का विभागाध्यक्ष होने के नाते मेरे पूर्ण नियंत्रण एवं देखरेख में किया जायेगा। इन प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग श्री बद्री नाथ सिंह, विशेष सचिव, श्री राज्यपाल, उ०प्र० द्वारा पूर्ण विवेक एवं उत्तरदायित्व से किया जायेगा। अग्रिम आदेशों तक निम्नलिखित अधिकार निहित किये जाते हैं :–

1. उपर्युक्त प्रदत्त अधिकारों के साथ श्री बद्री नाथ सिंह, विशेष सचिव, श्री राज्यपाल, उ०प्र० को रू० 1,00,000.00 (रूपया एक लाख मात्र) तक का आवर्तक तथा अनावर्तक व्यय स्वीकृत करने हेतु अधिकृत किया जाता है।
2. उत्तर प्रदेश सरकार चिकित्सा अनुभाग–6, उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या–474/ पॉच–6–14–1082/87टी.सी., दिनांक 04.03.2014 उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (चिकित्सा परिचर्या) (प्रथम संशोधन) नियमावली, 2014 के अधीन कार्यालयाध्यक्ष की हैसियत से विशेष सचिव, श्री राज्यपाल, उ०प्र० को रू० 2,00,000.00 (रूपये दो लाख मात्र) तक के चिकित्सा दावों की प्रतिपूर्ति स्वीकृत करने हेतु अधिकृत किया जाता है।
3. इन प्रदत्त अधिकारों के अतिरिक्त विशेष सचिव, श्री राज्यपाल, उ०प्र० को सामान्य भविष्य निधि (जी०पी०एफ०) नियमावली, 1985 के नियम–13 के अंतर्गत सामान्य भविष्य निधि से अग्रिमों की स्वीकृति करने तथा तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी के कार्मिकों का अर्जित एवं चिकित्सा अवकाश स्वीकृत करने हेतु अधिकृत किया जाता है।

उपर्युक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

(महेश कुमार गुप्ता)
अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल, उ०प्र०।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2– निदेशक, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
3– निदेशक, पेंशन निदेशालय, इन्दिरा भवन, लखनऊ।
4– श्री बद्री नाथ सिंह, विशेष सचिव, श्री राज्यपाल, उ०प्र०
5– श्रीमती साधना श्रीवास्तव,विशेष सचिव एवं वित्त नियंत्रक, राज्यपाल सचिवालय, उ०प्र०।
6– प्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक, विक्रमादित्य मार्ग शाखा, पार्क रोड़, लखनऊ।
7– समस्त अधिकारीगण राजभवन, लखनऊ।
8– निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल, उ०प्र०।

(महेश कुमार गुप्ता)
अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल, उ०प्र०।